Title: Need to save the villages and colonies from drowning on the banks of Yamuna River in Delhi.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली): सभापति महोदय, इन दिनों दिल्ली में यमुना के अंदर लाखों क्यूसिक्स पानी हरियाणा द्वारा ताजेवाला से छोडा जा रहा है।

इस कारण वहां सारे गांव और कालोनियों में पानी भर गया है। हर साल जब यहां पानी भरता है तो लाखों रुपये का नुकसान होता है।

सभापति महोदय : तिवारी जी, यह विषय नियम १९३ में डिस्कशन के लिए आज आयेगा। आप उस वक्त उसमें पार्टीसिपेट कीजिए।

श्री लाल बिहारी तिवारी : मैं दो मिनट ही बोलूंगा। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि उसके दोनों पुश्तों को मजबूत करके पूरा इंतजाम किया जाये और जो गांव और कालोनियां वहां डूब रही हैं, उनको वहां से हटाया जाये ताकि उनकी जान-माल का खतरा न हो।